प्रिय आवेदक:

आपका बेरोज़गारी बीमा (UI) का खोज पत्र इस चिट्ठी के साथ संलग्न है। आईडीइएस (IDES) समझता है कि बेरोज़गारी बीमा के लिए आवेदन करना एक जटिल प्रक्रिया है। विभाग आपकी सहायता के लिए मौजूद है। इस विवरणात्मक पन्ने का निर्माण इससे संलग्न UI खोज को बेहतर ढ़ंग से समझने में आपकी सहायता करने के लिए है।

UI खोज पत्र की व्याख्या

यह संलग्न UI खोज पत्र आपके UI के दावे के सबसे महत्त्वपूर्ण प्रश्नों का उत्तर देगा, जैसे कि:

1. **क्या मैं लाभों के प्राप्त करने के लिए योग्य हूँ?**

UI खोज के निचले भाग की तरफ़, हेडर *UI मैद्रिक निर्धारण* के नीचे देखिए और अपनी साप्ताहिक लाभ राशि को पाइए।

- यदि यह अंक "0" है, तो फिलहाल आप मौद्रिक रूप में नियमत लाभों को प्राप्त करने के अयोग्य हैं। इस पत्र के पीछे अगले कदमों पर जानकारी उपलब्ध है।
- यदि यह अंक "51.00" और "505.00" के बीच है तो आप मौद्रिक रूप से UI लाभों के प्राप्त करने के योग्य हैं।

2. **मुझे लाभों की कितनी राशि प्राप्त हो सकती है?**

उसी *साप्ताहिक लाभ राशि (WBA)* के नीचे सुचीबद्ध होगा कि आप हर सप्ताह कितनी राशि प्राप्त कर सकते हैं। न्यूनतम राशि WBA $51 है और अधिकतम WBA $505 है। यदि आपके पास कोई आश्रित हैं तो *हर सप्ताह* संपूर्ण *लाभ राशि*, जो दाईं तरफ़ सूचीबद्ध है, प्राप्त करने के लिए आपके *साप्ताहिक लाभ राशि* में *आश्रित भत्ता* जोड़ दिया जाएगा।

3. **मुझे मेरे लाभ कैसे प्राप्त होते है?**

लाभों को प्राप्त करने के लिए, आपके लिए हर दूसरे सप्ताह कुछ मूल प्रश्नों का उत्तर देकर "प्रमाणन करना" आवश्यक है। यह IDES को लाभों की निरंतर प्राप्ति के लिए आपकी योग्यता को सत्यापित करने में सहायता करता है। UI खोज के शीर्ष के पास आप अपनी प्रथम प्रमाणन तिथि लिखी हुई पाते हैं। उस तिथि को, आपको IDES की वेबसाइट या टेली-सर्व प्रणाली के द्वारा प्रमाणन करना चाहिए (वेबसाइट की सिफ़ारिश की जाती है)। यह रिपोर्ट करने के लिए तैयार रहिए कि क्या आपने काम किया, और सकल मज़दूरियों की राशि जो आपने पिछले दो सप्ताहों के दौरान प्रति सप्ताह अर्जित की। इसके इलावा, आपके लिए एक द्वि-साप्ताहिक प्रमाणन दिवस नियत किया गया है। जिसे UI खोज शीर्ष को पास भी पाया जा सकता है।

बेरोज़गारी बीमा के लिए आवेदन नहीं दिया?

यदि आपने हाल ही में UI लाभों के लिए आवेदन नहीं किया, फिर भी आप संलग्न UI खोज पत्र प्राप्त करते है तो आप पहचान की चोरी का शिकार हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया ides.illinois.gov/fraud पर जाएँ।

मुख्य शर्तें

अतिरिक्त दावा: एक दावा जो एक लाभ वर्ष के भीतर रोज़गार में दूसरे या उत्तरगामी विराम की शुरुआत में दाखिल किया गया।

आधार अवधि: लाभ वर्ष से तुरंत पहले पूरी की गई पिछली पांच कैलेंडर तिमाहियों में से पहली चार। इसका उपयोग यह निर्धारित करने के लिए किया जाता है कि क्या आपने लाभ के लिए योग्यता प्राप्त करने हेतु पर्याप्त आय अर्जित की है। यदि आप मान्य आधार अवधि के अंतर्गत योग्यता प्राप्त नहीं करते हैं, तो अभी हाल ही में पूरी की गईं चार तिमाहियों को एक वैकल्पिक आधार अवधि के रूप में उपयोग किया जा सकता है।

लाभ: यदि आप योग्य हैं तो हर दूसरे सप्ताह आपको भुगतान किया जाता है।

लाभ वर्ष: आपका लाभ वर्ष आम तौर पर उस सप्ताह के रविवार को शुरू होता है जिसमें आप पहली बार अपना दावा दाखिल करते हैं। लाभ वर्ष वह पूर्ण वर्ष है जो उस तिथि से शुरू होता है।

दावेदार: एक व्यक्ति जो बेरोज़गारी बीमा लाभों के लिए आवेदन करता है / उन्हें प्राप्त करता है।

प्रमाणन: अपने रोज़गार की स्थिति के बारे में संचार के लिए ऑनलाइन या टेलीफोन द्वारा मूल प्रश्नों के उत्तर देने की प्रक्रिया। प्रमाणन आपकी निरंतर योग्यता स्थापित करता है और यह बताता है कि आपके लाभों का भुगतान कैसे किया जाता है।

आपकी प्रथम प्रमाणन तिथि के बाद हर अगले सप्ताह में, सोमवार को, मंगलवार, या बुधवार को आपके लाभों के लिए दोबारा प्रमाणन करना आवश्यक है। यदि आप अपने नियत प्रमाणन दिन पर प्रमाणन करने से असमर्थ हैं तो आप उसी सप्ताह में गुरुवार या शुक्रवार को प्रमाणन कर सकते हैं। **कृपया ध्यान दें:** हर बार सफलता से प्रमाणन करने के 2-3 दिनों के बाद आप लाभों को प्राप्त करेंगे।

अन्य मुख्य बिंदू

भुगतान की विधियाँ

आपके लाभ एक डेबिट कार्ड या डायरेक्ट डिपाज़िट के द्वारा पहुँचेंगे। यदि आपने दाखिल करते समय डायरेक्ट डिपाज़िट का चयन नहीं किया तो आप डिफ़ाल्ट रूप से एक डेबिट कार्ड प्राप्त करेंगे। भुगतान की विधियों में परिवर्तन करने के निर्देशों के लिए कृपया अपने UI खोज पत्र को देखें।

यदि आपकी साप्ताहिक लाभ राशि (WBA) "$0" है

यदि आपका WBA "$0" तो हमारे रिकार्ड इंगित करते हैं कि अपनी आधार अवधि के दौरान नियमत बेरोज़गारी लाभों को प्राप्त करने के योग्य होने के लिए आपको उचित मज़दूरी का भुगतान नहीं किया गया था। यदि आप निर्णय की अपील नहीं करना चाहते हैं तो भी आप महामारी बेरोज़गारी सहायता (PUA) – स्व-नियोजित कर्मियों, फ़्रीलांसरों, और स्वतंत्र ठेकेदारों के लिए एक अस्थायी संघीय कार्यक्रम—के लिए योग्य हो सकते हैं। PUA के बारे में अधिक जानकारी के लिए और आवेदन करने के विवरण के लिए कृपया ides.illinois.gov/PUA. पर जाएँ।

अपील के अधिकार

यदि आप UI खोज से असहमत हैं तो आप अपने UI खोज पत्र की डाक तिथि के 30 दिनों के भीतर एक अपील दायर कर सकते हैं। कृपया अपील के बारे में जानकारी के लिए UI खोज पत्र के अंत का संदर्भ लें। **कृपया ध्यान दें:** यदि आपने अपील दायर की है, तब भी आपको अपनी बेरोज़गारी के सप्ताहों के लिए प्रमाणन करना जारी रखना चाहिए, चाहे आपको अपील का निर्णय होने तक लाभ प्राप्त ना हो।

यदि आप काम पर लौटते हैं

जब आप प्रमाणन करते हैं, तो आपको रिपोर्ट करना होगा कि क्या आपने पिछले दो सप्ताहों में प्रत्येक के लिए काम किया था या मजदूरी अर्जित की थी। यदि आप काम पर लौटते हैं और अपने WBA से अधिक कमाते हैं, तो आपको उस सप्ताह के लिए लाभ नहीं मिलेगा। यदि आपको उसी लाभ वर्ष के भीतर दोबारा लाभों के लिए फिर से आवेदन करने की आवश्यकता है, तो आपको एक अतिरिक्त दावा दायर करना पड़ेगा।

अनुवादन

स्पैनिश: ides.illinois.gov/UIFinding-Spanish
पोलिश: ides.illinois.gov/UIFinding-Polish
चीनी: ides.illinois.gov/UIFinding-Chinese

मुख्य शर्तें जारी हैं

आश्रित भत्ता: एक लाभ जो साप्ताहिक लाभ राशि में जोड़ा गया है -यदि आपका (1) अठारह वर्ष से कम उम्र का एक आश्रित बच्चा है, (2) एक गैर-कामकाजी पति/पत्नी जो अपने स्वयं के यूआई के लाभों के लिए अयोग्य हैं या (3) एक बालग या बच्चा जो विकलांग है। आप एक आश्रित बच्चे या पति/पत्नी का दावा कर सकते हैं, लेकिन दोनों का नहीं। एक से अधिक बच्चे आपके लाभ में वृद्धि नहीं करेंगे।

अधिकतम लाभ भत्ता: वह कुल राशि जो आप लाभ वर्ष के दौरान प्राप्त करने के लिए योग्य हैं। यह आपके WBA का 26 सप्ताह से गुणा है।

मौद्रिक निर्धारण: वह निर्णय जो उन लाभों की राशि को सूचीबद्ध करता है जिन्हें प्राप्त करने के आप योग्य हैं। इसे UI खोज भी कहा जाता है।

मौद्रिक योग्यता: UI के लिए आपकी योग्यता, इस आधार पर कि क्या आपने आधार अवधि के दौरान पर्याप्त मजदूरी अर्जित की है।

गैर-मौद्रिक योग्यता: UI के लिए आपकी योग्यता को प्रभावित करने वाली मजदूरी के अलावा अन्य कारण, जैसे कि काम करने में सक्षम और उपलब्ध नहीं होना, स्वैच्छिक अवकाश आदि। यदि आपकी गैर-मौद्रिक योग्यता के बारे में कोई प्रश्न उठता है तो IDES आपसे संपर्क करेगा।

साप्ताहिक लाभ राशि (WBA): धनराशि जिसे प्रति सप्ताह प्राप्त करने का आपको अधिकार है, यदि आप अन्यथा लाभों के लिए योग्य हैं तो इसमें आश्रित भत्ता शामिल नहीं है।

अरबी: ides.illinois.gov/UIFinding-Arabic
हिंदी: ides.illinois.gov/UIFinding-Hindi
तागालॉग: ides.illinois.gov/UIFinding-Tagalog